Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:17 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:26 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 231 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 10 मार्च 2025

आईफा अवॉर्ड: करीना-कैटरीना...पेज-3 पर

News कॉर्नर

पंतनगर क्षेत्र से कक्षा 10 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रुद्रपुर। थाना पंतनगर क्षेत्र से कक्षा 10 की छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक पंतनगर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी भतीजी कक्षा 10 में पढ़ती है। बताया कि 9 मार्च 25 को दिन में लगभग 12.30 बजे घर से फोटो कापी कराने के लिए शान्तिपुरी 2 मार्केट जाने की बात कह गई थी। देर तक घर वापस नही आयी है तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। उसका कहीं भी पता नही चल पा रहा है। पुलिस ने छात्रा की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। फिलहाल छात्रा का सुराग नहीं लग सका है।

विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में कुंडे में लटकी मिली

रुद्रपुर। कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटकी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस के मुताबिक दरभंगा बिहार निवासी 19 वर्षीया चांदनी की शादी एक साल पूर्व भूरारानी निवासी अजय साहनी के साथ हुई थी। अजय मजदूरी करते है। रविवार सुबह ही वह काम पर चले गए। करीब 11 बजे पता चला कि चांदनी में अपने कमरे में फांसी लगा ली है। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतका के मायके पक्ष ने दामाद पर बेटी से मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि इस कारण ही चांदनी ने आत्मघाती कदम उठाया होगा। एसएसआई ललिम मोहन रावल ने बताया कि प्रथम दृष्टिया से मामला आत्महत्या कर लगा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी, वापस मुंबई लौटा विमान

मुंबई। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को हवा में ही मुंबई की तरफ मोड़ गया। मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की उड़ान में बम की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को हवा में ही मुंबई की तरफ मोड़ा गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की एक उड़ान में बम रखे होने की सूचना मिलने के बाद इसे मुंबई वापस लाया गया। विमान में 320 से अधिक लोग सवार थे और यह सुरक्षित रूप से मुंबई में उतर गया। सुरक्षा एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, आज 10 मार्च 2025 को मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके) उड़ान एआई 119 में संभावित सुरक्षा खतरे का पता चला। आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद विमान में सवार सभी लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस मुंबई ले जाया गया।

फिर बदलेगा मौसम, ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

प्रदेश के पर्वतीय जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में एक बार फिर मौसम बदल सकता है। पर्वतीय जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। हालांकि मैदानी जिलों में चटक धूप खिलने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई गई है। जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 13 से 15 मार्च तक प्रदेश के 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्से में बारिश व बर्फबारी की संभाना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस सप्ताह एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिए होने की संभावना है। जिसके चलते ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश व बर्फबारी के आसार हैं। हालांकि मैदानी इलाकों में इसका ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। दिन भर चटक धूप खिलने से सामान्य तापमान में दो से चार डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

इस महीने हो सकता है भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान

भाजपा ने जिलाध्यक्षों की सूची की जारी, कार्यकर्ताओं में खुशी

देहरादून
हमारे संवाददाता

भाजपा ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। सिद्धार्थ अग्रवाल को देहरादून महानगर अध्यक्ष मीता सिंह- पछवादून जिलाध्यक्ष, प्रताप सिंह बिष्ट- नैनीताल बीजेपी अध्यक्ष, गोविंद सामंत- चंपावत बीजेपी अध्यक्ष, कमल जिंदल-ऊधमसिंहनगर जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश भाजपा के भीतर इस बात की चर्चा काफी गर्म है कि संगठन के नए कप्तान का एलान इस महीने हो सकता है। अब सवाल यही है कि प्रदेश संगठन की कमान किस चेहरे के हाथों में होगी। वह खांटी राजनीतिज्ञ होगा और युवा चेहरा या फिर महिला के हाथों में बागडोर सौंप कर केंद्रीय नेतृत्व नया प्रयोग करेगा।

इन सभी प्रश्नों के मध्य वरिष्ठ, युवा और महिला चेहरों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई नाम संगठन के भीतर चर्चाओं में हैं। प्रदेश में सांगठनिक चुनाव की जहां तक बात है तो पार्टी मंडल अध्यक्षों का एलान कर चुकी है। 19 सांगठनिक जिलों के अध्यक्ष पद पर जिन चेहरों को कमान सौंपी जानी है, उनके नामों के पैनल पार्टी केंद्रीय नेतृत्व को भेज चुकी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, एक-दो दिन में नए जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा हो जाएगी।

पार्टी की यह कोशिश है कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले अपनी सांगठनिक प्रक्रिया पूरी कर ले। पार्टी के भीतर चर्चा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के तुरंत बाद पार्टी नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान कर सकती है। लेकिन अभी केंद्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख तय नहीं की है। संगठन नेताओं का मानना है कि होली के बाद भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। इसके तुरंत बाद प्रदेश अध्यक्ष के नाम की भी घोषणा हो जाएगी। अब प्रश्न यही है कि पार्टी प्रदेश संगठन की कमान किसके हाथों में सौंपेगी? इसे लेकर तीन तरह की बातें हो रही हैं।

अधेड़ को अज्ञात वाहन उसे टक्कर, उपचार के दौरान मौत

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बीती रात एक अधेड़ अपने घर के आगे खड़ा था इतनी देर में एक अज्ञात वाहन उसे टक्कर मार गया टक्कर इतनी जबरदस्ती की अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए परिजन उसे सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सितारगंज रोड कुंवरपुर निवासी 61 वर्षीय गिरीश चंद्र गरजोला पुत्र लक्ष्मी दत बीती रात अपने घर के आगे खड़ा था इतने में ही एक अज्ञात वाहन तेज गति से आ रहा था उसने उसे टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अलीगढ़ वहीं गिर गया यह देख उसे परिजन उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना मेडिकल चौकी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया वहीं पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

पंखे के गुंडे से लटका मिला किसान

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

अज्ञात करण के चलते एक अधेड़ किसान घर में पंखे के गुंडे से रस्सी का फंदा बनाकर लटक गया जिसे उपचार के लिए परिजन उसे सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पाकर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है जानकारी दौलतपुर चोरगलिया निवासी 55 वर्षीय मोहन सिंह पुत्र जयराम ने बीती रात खाना खाकर अपने कमरे में चला गया जहां उसने रस्सी का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया यह देख परिजनों ने उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था और काफी दिनों से गुमसुम रहता था पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

हाईकमान ने दोबारा सौंपी कमल जिंदल को जिलाध्यक्ष की कमान

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंचे चुनाव अधिकारी कैलाश शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच वर्तमान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल को दोबारा जिलाध्यक्ष की घोषणा की। कमल जिंदल के नाम की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जिंदल का जोरदार स्वागत किया।

भाजपा हाई कमान ने ऊधमसिंहनगर जिलाध्यक्ष पद पर वर्तमान जिलाध्यक्ष कमल जिंदल पर भरोसा जताते हुए पुन: जिलाध्यक्ष बनाया है। चुनाव पर्यवेक्षक कैलाश शर्मा ने बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कमल जिंदल के जिलाध्यक्ष बनने की घोषणा की। उधर नव मनोनित जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा की वह पार्टी के हित में आगे भी काम करते रहेंगे उन्होने कहा कि वह पंचायत और सहकारिता चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हुए पार्टी की जीत दर्ज करवाएंगे यहां पर विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा,दान सिंह रावत,भारत भूषण चुघ, कमलेंद्र सेमवाल,राम प्रकाश गुप्ता,मुकेश पाल,पार्षद सुनील,नेत्रपाल मौर्या, रश्मि रस्तोगी, फरजाना बेगम, उपेंद्र चौधरी, रोशन अरोरा, मयंक कक्कड़ समेत तमाम भाजपाई मौजूद रहे।

नैनीताल: प्रताप बिष्ट फिर बने भाजपा जिलाध्यक्ष

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संगठन ने एक बार फिर प्रताप बिष्ट को नैनीताल जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी आलाकमान ने उन पर विश्वास जताते हुए नैनीताल जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी है।

इससे साफ हो गया है कि सभी को साथ लेकर चलने वाले प्रताप बिष्ट संगठन के लिए सबसे उपयुक्त नेता हैं आज पार्टी कार्यालय में उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई अपने सरल और सौम्य स्वभाव के लिए पहचाने जाने वाले प्रताप बिष्ट ने इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, संगठन महामंत्री अजय कुमार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। भाजपा कार्यालय में प्रमुख कार्यकर्ताओ के बीच जिला चुनाव अधिकारी कुंदन परिहार ने प्रताप सिंह बिष्ट की घोषणा की और सभी ने करतल ध्वनि के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, प्रदेश सह मिडिया प्रभारी चन्दन बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू, सुरेश भट्ट, जिला पंचायत प्रशासक बेला तोलिया, प्रमोद तोलिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना, मंडल अध्यक्ष राशि जैन, हल्द्वानी मंडल अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, काठगोदाम मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, प्रकाश हरबोला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, महेश खुलबे, चंद्र सिंह भंडारी, उमेश शर्मा, हरिमोहन अरोरा, भुवन जोशी, विशाल नेगी, बॉबी आर्य, रविंद्र बाली आदि ने पुन: जिलाध्यक्ष बनने पर प्रताप सिंह बिष्ट का स्वागत किया।

नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ

हरिद्वार/नैनीताल

हमारे संवाददाता

देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन एनयूजे-आई यानी नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-(इंडिया) के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ शनिवार को उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार के प्रेम नगर आश्रम में हुआ।

एनयूजे-आई की उत्तराखंड इकाई नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-(इंडिया) उत्तराखंड की मेजबानी में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से 22 राज्यों के 200 से अधिक पत्रकार भाग ले रहे हैं इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने कहा कि एनयूजे-आई देश भर के लघु एवं मझोले समाचार पत्र मालिकों के साथ खड़ा है और उनकी रक्षा के लिए हर संघर्ष के लिए तैयार है।

वहीं एनयूजे-आई की पैतृक संस्था आईएफजे यानी इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स की सदस्य इंद्राणी सरकार ने देश के पत्रकारों का आह्वान किया कि वह आईएफजे के माध्यम से विश्व के पत्रकारों से जुड़ें और आगे बढ़ें।

बताया कि कैसे आईएफजे देश में पत्रकारों के उत्पीड़न की एक-एक घटना पर नजर रखता है।

पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा पर मंथन: पूरे देश में पत्रकारों की लड़ाई लड़ेगी एनयूजे आई, महिला पत्रकारों का किया सम्मानराष्ट्रीय अधिवेशन के पहले दिन पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इनमें पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने, वर्किंग जर्नलिस्ट एक्ट की बहाली, मीडिया काउंसिल व मीडिया कमीशन का गठन, नेशनल रजिस्ट्रार फॉर जर्नलिस्ट्स की स्थापना, लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों को आर्थिक सहायता, डिजिटल मीडिया के लिए नियमावली, राज्यों में एक्रीडेशन कमेटियों का गठन, मीडिया संस्थानों में कर्मचारियों की छंटनी का विरोध, उचित वेतन, कार्य समय सीमा तय करने, पत्रकारों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बस यात्रा सुविधा और रेलवे यात्रा में 50ब्र रियायत की बहाली जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से शामिल रहे।

महिला पत्रकारों का सम्मान: अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एनयूजे-आई से जुड़ी महिला पत्रकारों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सुलेखा शर्मा, कनुप्रिया, समपा डे, रीना राणा, राखी खोसला, सुषमा सक्सेना, भरणी गोस्वामी, मीनाक्षी वर्मा, इंद्राणी सरकार, बबीता चौहान, दीपशिखा, प्रतिभा वर्मा, कुमकुम शर्मा, नीलम सैनी, मंजू नेगी सहित अन्य महिला पत्रकार शामिल रहीं।

श्रद्धांजलि और स्वागत समारोह: कार्यक्रम की शुरुआत में एनयूजे-आई उत्तराखंड इकाई के वरिष्ठ सदस्य प्रो. पीएस चौहान, प्रेस क्लब हरिद्वार के अध्यक्ष अमित शर्मा के पिता नरोत्तम शर्मा तथा युवा पत्रकार अरुण शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडेय ने संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और हरिद्वार में राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने की अनुमति देने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

मुख्य संयोजक एवं हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी ने कहा कि हरिद्वार में राष्ट्रीय कार्यसमिति का आयोजन गर्व की बात है और सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। उत्तराखंड के प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन जोशी ने आभार ज्ञापन किया। अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रासबिहारी, महासचिव प्रदीप तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष सुनील दत्त पांडेय, प्रदेश महासचिव डॉ. नवीन जोशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवा, रणेश राणा, विमलेश शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, दधिबल यादव, प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रसन्ना मोहंती, संयोजक रामचंद्र कनोजिया, कैलाश जोशी, संजय तलवार, भगवान गंगोला, सुनील तलवार, राजू पांडे, दिलीप गढ़िया, गिरीश गोस्वामी, डॉ. शिवा अग्रवाल, बालकृष्ण शास्त्री, प्रदीप गर्ग, नरेश शर्मा, सुनील पाल, लव शर्मा, संतोष कुमार, विकास ज्ञा, गणेश वैध, एम.एस. नवाज, काशीराम सैनी, नीतिन राणा, शिव कुमार शर्मा, मुकेश वर्मा, संदीप रावत, राव रियासत पुंडीर, पुलकित शुक्ला, दिनेश भारद्वाज, सचिन सैनी, मयूर सैनी, आशीष मिश्रा, रंजनीकांत शुक्ला, नरेश गुप्ता, अमित गुप्ता, विवेक शर्मा, सुमित यशकल्याण, संजय आर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक धर्मेंद्र चौधरी ने किया।

गेठिया महादेव मंदिर में होली का भव्य आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लाक के गेठिया स्थित कुमियांखेत के महादेव मंदिर में रविवार को होली का भव्य आयोजन किया गया।

इस मौके पर महिला मंडली द्वारा होली गायन प्रारंभ किया गया। आचार्य पंडित प्रकाश जोशी के नेतृत्व में महिला मंडली द्वारा महादेव पूजा अर्चना के उपरांत होली खेलै पशुपति नाथ नगर—तथा शिव के मन माहीं बसे काशी-- समेत अनेक बोलों के साथ होली गायन किया गया। महिला मंडली में हेमा तुलेड़ा,प्रेमा तुलेड़ा,सरोज तुलेड़ा, दीपिका, कनक, दिशांत, आशा रावत, दुर्गा जोशी, नीमा मठपाल, कैरवी रावत, रितिका रावत, कृष्णा जोशी, भावना जोशी, हिमांशी जोशी, रुचि जोशी, नैना जोशी, सरस्वती तुलेडा, रक्षिता सुनरिया, कमला पंत एवं श्रीमती प्रीति पंत ने भाग लिया। होली का आयोजन आशा रावत द्वारा संचालित किया गया।

नियमों के उल्लंघन करने वालों को लेकर सघन चैकिंग अभियान

नैनीताल । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्र व क्षेत्राधिकारी प्रमोद साह के पर्यवेक्षण में सघन चैकिंग अभियान में थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय मय पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में 'चैकिंग के दौरान रविवार को प्रात: 04.50 बजे में एक वाहन संख्या यूपी 83-यू 7374 में बैठी सवारी शोर सराबा मचा रही थी को रोककर चेक किया।

जिसे चालक सचिन कुमार यादव पुत्र उम्मेद सिंह यादव निवासी संजय नगर बरेली उ0प्र0 उम20 वर्ष द्वारा को बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना कागजात के नशे शराब में वाहन चलाये जाने पर मेडिकल परीक्षण कराकर वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया तथा वाहन को एमवीएक्ट में सीज किया गया। इसके साथ में बैठे उसके 04 साथियों का मेडिकल परीक्षण कराया। शराब के नशे में मदहोश होकर उत्पात मचाने पर पुलिस अधिनियम में कार्यवाही की गई।

फागोत्सव को लेकर वैदिक मंत्रों के साथ ध्वजारोहण, चीर बन्धन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

श्री राम सेवक सभा मल्लीताल नैनीताल द्वारा आयोजित 29 वें फागोत्सव के आज चौथे दिन दिनांक 9 मार्च को आचार्य भगवती प्रसाद जोशी जी के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ ध्वजारोहण, चीर बन्धन का विधिवत रूप से चीर रोपण कर रंग ,अबीर गुलाल को प्रतिष्ठित कर विधिवत पूजन किया गया। इस शुभ अवसर पर भीम सिंह कार्की, प्रकाश चन्द्र साह, हरीश(मुन्ना) पंत, गिरीश भट्ट ,चिराग बिष्ट, बृजमोहन जोशी आदि के सहयोग से सप्त रंगों (अबीर गुलाल) कि सहायता से भव्य रंगोली का निर्माण किया गया।आचार्य भगवती प्रसाद जोशी जी के द्वारा सभी उपस्थिति होल्यारों को अबीर-गुलाल का टीका लगाया गया और शुभकामनाएं दी गयी इसके बाद उपस्थित सभी होल्यारों के द्वारा एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगा कर होली की हार्दिक बधाई दी गयी।विमल चौधरी के द्वारा टोपी सबको पहनाई गयी। राम सेवक सभा के बाल कलाकारों द्वारा व बृजमोहन जोशी द्वारा होली गायन किया गया। इस फागोत्सव में श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, जगदीश बवाड़ी, अशोक साह, मुकेश जोशी विमल साह,विमल चौधरी, डा. ललित तिवारी, शनि साह, राजेन्द्र लाल साह,डा. मनोज बिष्ट, मिथिलेश पाण्डे, गिरीश जोशी (मक्खन), हिमांशु जोशी, उमेश जोशी,दिसी बोरा,किशन सिंह नेगी, रक्षित साह, घनश्याम लाल साह,भुवन बिष्ट,भीम सिंह कार्की बबली आदि ने विशेष सहयोग दिया।

NEWS / फटाफट

राजमार्ग से लगे वन क्षेत्र में फायर ड्रिल की

नैनीताल । गर्मी के आगमन को देखते हुए वनों की आग से सुरक्षा और वनों में लगी आग को बुझाने और नियंत्रित करने के लिए फायर वाचरों तथा वन कर्मियों को प्रशिक्षित करने के विशेष उद्देश्य से नैनीताल वन प्रभाग द्वारा उप प्रभागीय वनाधिकारी राज कुमार की उपस्थिति में रविवार को हल्द्वानी- नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे वन क्षेत्र में फायर ड्रिल की गई। बता दें एसडीओ राम कुमार ने उपस्थित लोगों से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए सजग और सक्रिय रहें। इस दौरान जंगलों की आग को रोकने में जनता की भागीदारी तथा जागरूकता के लिए रैली और अभियान चला लोगों को सहभागिता करने की अपील की। इस अभियान में मनोरा और भवाली रेंज के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा फ यर वाचरों के साथ वन पंचायतों के सरपंच, सदस्य तथा ग्रामीण रेंज अधिकारी मुकुल शर्मा मनोरा तथा विजय मेलकानी भवाली उपस्थित थे।

चीर बंधन कर खड़ी होली का शुभारंभ किया

नैनीताल । नैनीताल के समीपवर्ती ग्राम गांजा स्थित प्राचीन देवी मंदिर शिवालय परिसर में रविवार को देवेश शास्त्री के सानिध्य में विधि विधान और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ चीर बंधन कर खड़ी होली का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर श्री गणेश वंदन के साथ विभिन्न देवी देवताओं की वंदना और परम्परागत होली का गायन किया गया लोगों ने टीका लगा कर एक दूसरे को बधाई दी और सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर गौरांग रघु, चंदन भट्ट, राजेंद्र सिजवाली, सुरेन्द्र कोटलिया,भीम सिंह,राजेंद्र कोटलिया,हीरा लाल साह,भीम सिंह, जितेंद्र पाठक, पवन पाल, इंदर नेगी, गोपाल सिंह, पम्मी भट्ट, सुमित जोशी, निशांत परिहार,विजय सिजवाली, आशुतोष पंत,किशन साह,उत्कर्ष बिष्ट,दीप मेलकानी,भानु भट्ट तथा बड़ी संख्या में युवा व ग्रामीण आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर अब चीर दहन 13मार्च (गुरुवार) को होगा।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

नारी शोषण एवं दमन का रेखांकन लघु नाटकों के माध्यम से किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

एकीकृत बीएड विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में छात्राओं व छात्रों के द्वारा नारी पर होने वाले शोषण एवं दमन का रेखांकन लघु नाटकों के माध्यम से किया गया। इस मौके पर समाज में महत्वपूर्ण स्थान रख चुकी नारियों की गाथाओं को चित्रों के माध्यम से इंगित किया गया। बता दें कि नाटकों में नारी के विविध स्वरूपों का मंचन करते हुए उसका संसार के लिए उसके योगदान को प्रतिबिंबित किया वहीं दूसरी ओर नारी को समाज और उसकी शक्ति का मूल आधार बताया। नाट्य मंचीयता की दृष्टि से सभी छात्राओं व छात्रों ने अपने -अपने थीम के आधार पर पात्रानुकूल विषय वस्तु का सजीव व मार्मिक अभिनय किया। समारोह में शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी की अध्यक्षता व विभागाध्यक्ष डॉ अशोक उप्रेती एवं विभाग के प्राध्यापकों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां, सुन्दर लाल बहुगुणा सदन, इंद्रमणि बड़ोनी सदन,गौरा देवी सदन, सुमित्रानंदन पंत सदन, बछेन्द्रीपाल सदन तथा गोविंद बल्लभ पंत सदन की छात्राओं व छात्रों ने बहुत ही मनोरंजक और मार्मिक अभिनय किया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष शिक्षा प्रो. अतुल जोशी ने छात्राओं व छात्रों के साथ शिक्षकों की प्रसंशा करते हुए बताया कि नारी मानव समाज का उद्गम है, प्रत्येक स्त्री-पुरुष उसके आंचल में ही पनाह लेकर पैदा होते हैं, उसके पलते हैं इसलिए उनके प्रति पुरुष वर्ग को कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने समस्त नारी जगत का अभिवादन करते हुए उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रगति पथ बढ़ते रहने शुभेच्छा प्रकट की तथा विभागाध्यक्ष डॉ अशोक उप्रेती व उपस्थित शिक्षकों ने भी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समस्त नारी समाज के लिए मंगलमय कामना की ओर समाज को प्रगतिशील बनाने के प्रति उनके योगदान का स्मरण किया। बता दें कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर किया गया।

चीर बंधन के साथ फागोत्सव पर रंगोली बनाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा नैनीताल में फागोत्सव के तहत रविवार को सुबह चीर बंधन के साथ रंग डाला गया और सभा के लोगों की ओर से आकर्षक रंगोली बनाई गई। लाल, नीला,पीला तथा केसरिया व सफेद सहित कुल 7 रंगों के प्रयोग से रंगोली बनाई गई।

इस दौरान पंडित भगवती प्रशाद जोशी ने मंत्रों चार के साथ पूजा संपन्न कराई तथा विमल चौधरी यजमान रहे और बताया कि रविवार को 7 बजकर 45 मिनट से रंग पढ़ गया है और कल (आज) सुबह तक रंग पड़ेगा। चीर बंधन के लिए पद्म का पेड़ प्रयोग में लाया जाता है। यह पौंधा पवित्र मन जाता है और धार्मिक कार्यों में प्रयोग में लाया जाता है। इस पेड़ में जो कपड़े बांधे जाते हैं वह हर परिवार की समुदायिकता को प्रकट करते हैं।

रंगोली बनाने में हीरा रावत, भीम सिंह कार्की, मुन्ना पंत, गिरीश भट्ट, चंद्र प्रकाश साह, चिराग बिष्ट और बृज मोहन जोशी एवं बिमल चौधरी ने सहयोग दिया। इस दौरान सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत अशोक साह, मुकेश जोशी, बिमल साह, ललित साह, शनि साह तथा राजेंद्र लाल साह, डॉ मनोज बिष्ट तथा देवेंद्र लाल साह , मिथिलेश पांडे, राजेंद्र लाल साह, प्रो. ललित तिवारी,दीसि बोरा, किसान नेगी,रक्षित साह तथा बबली सहित राम सेवक सभा के बाल कलाकार आदि मौजूद रहे। बाल कलाकारों ने जनकपुर जाना है---,गणपति सिद्धि करो---, अबीर गुलाल की धर---आज बिराज में होली री रसिया--,शिव के मन भय बसे काशी---एवं झन्न ढाँकारों प्रस्तुत कर समा बाधा । टेबल पर नन्द किशोर साह तथा राहुल जोशी तो हारमोनियम में वीरेंद्र सिंह रहे।

अभिमत

कैसे रुकें हादसे?

दोपहिया के साथ बड़े वाहनों के हादसों का कारण ओवर स्पीड के साथ ही शराब है। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों ने शराब, स्मैक, गांजा तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। करोड़ों रुपये के नशीले पदार्थ पकड़े जा चुके हैं। नशे का धंधा करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। स्कूलों में बालक-बालिकाओं और कालेजों में युवा विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया गया है। पुलिस और प्रशासन की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। नशे में वाहन चलाने वाले स्वयं अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। नाबालिग और युवाओं को उनके अभिभावक ही रोक सकते हैं।

पिछले साल छह माह में उत्तराखंड में 884 सड़क हादसे हुए और अनेक लोगों की मृत्यु हुई, बहुत से परिवारों का चिराग बुझ गया। हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए आईजी ट्रेफिक अरुण मोहन जोशी से पूछा सड़क हादसे रोकने के लिए क्या बेहतर उपाय किये जा सकते हैं? मानसून के दौरान सड़क हादसे होने की आशंका अधिक होती है, लेकिन राज्य में मौसम सामान्य होने पर भी आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। आईजी ट्रेफिक ने उच्च न्यायालय को बताया कि हादसों का मुख्य कारण ओवर स्पीड है। ओवर स्पीड वाहन चलाने वालों का चालान किया जा रहा है। कई जगहों पर सीसीटीवी कैमरे और रोड पर सेंसर लगा दिये गये हैं। हादसों में मरने वालों में ज्यादातर की उम्र 16 से 25 वर्ष है। नाबालिग को वाहन चलाते पकड़े जाने पर अभिभावक का चालान किया जा रहा है, फिर भी अभिभावक अपनी संतान को वाहन चलाने से नहीं रोकते हैं। नियम के अनुसार एक से दो हजार सीसी की गाड़ी चलाने के लिए 25 साल की उम्र तय है। 16 से 18 वर्ष के लिए 50 सीसी तक वाहन चलाने की अनुमति है। सड़क हादसों के लिए पुलिस को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। मीडिया में वाहनों के चालान के समाचार सुर्खियों में रहते हैं। राज्य सरकार ने कुछ साल पहले दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेल्मेट अनिवार्य किया था। पुलिस की वर्दी से अलग सीपीयू के जवान सुबह से शाम तक बिना हेल्मेट वाले वाहन चालकों का चालान करते रहे। महीनों बाद हेल्मेट लगाने की आदत बनी। हेल्मेट अनिवार्य करने से सड़क हादसों में मृतकों की संख्या कम हुई। सीपीयू के जवान अन्य शहरों को स्थानांतरित कर दिये गये और उनकी संख्या कम हो गई तो अब बहुत से लोग बिना हेल्मेट के वाहन चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं और पुलिस की नजर से बचने का प्रयास करते हैं। दोपहिया के साथ बड़े वाहनों के हादसों का कारण ओवर स्पीड के साथ ही शराब है। सभी जिलों के पुलिस कप्तानों ने शराब, स्मैक, गांजा तस्करों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। करोड़ों रुपये के नशीले पदार्थ पकड़े जा चुके हैं। नशे का धंधा करने वाले बाज नहीं आ रहे हैं। स्कूलों में बालक-बालिकाओं और कालेजों में युवा विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया गया है। पुलिस और प्रशासन की कोशिश नाकाम साबित हो रही है। नशे में वाहन चलाने वाले स्वयं अपनी जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। नाबालिग और युवाओं को उनके अभिभावक ही रोक सकते हैं।

जजी क्षेत्र में गोलीबारी, जांच में जुटी पुलिस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

बीती शाम नैनीताल रोड स्थित जजी परिसर के पास एक सनसनीखेज घटना घटी, जहां एक कार सवार बदमाश ने जाजी कोर्ट के पास बैठ कर मैच देख रहे दो दोस्तों पर गोली चला दी। इस हमले में 26 वर्षीय हनी प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है जानकारी के अनुसार, हनी की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और आरोपी युवक की तलाश में नाकेबंदी शुरू कर दी। पुलिस ने दावा किया कि जल्द ही गोली चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हनी प्रजापति, जो नैनीताल रोड स्थित वैजाजाली लॉच भोटियापड़ाव निवासी हैं, जजी के पास एक डेटिंग पेंटिंग की दुकान चलता हैं। रविवार की शाम हनी अपने दोस्त विशाल सती के साथ दुकान के पास बैठकर मोबाइल पर चौंपियन ट्रॉफी का फाइनल मैच देख रहे थे। इसी दौरान एक कार से उतरकर एक युवक ने पहली गोली हवा में चलाई और दूसरी गोली सीधे हनी के सिर पर मार दी। गोली लगते ही हनी

जमीन पर गिर गया यह देख आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई मौके पर मौजूद लोगों ने हनी को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हनी के दोस्त विशाल सती ने बताया कि गोली चलाने वाला युवक सुमित बिष्ट व उसके साथी हनी से पुरानी व चुनावी रंजिश रखता था। विशाल के अनुसार, आठ महीने पहले सुमित ने हनी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसकी शिकायत भोटियापड़ाव चौकी में की गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। विशाल ने यह भी बताया कि हमलावर ने उन पर भी गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन वह भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई मौके पर पहुंचे। एसपी सिटी ने बताया कि घटनास्थल को सील कर दिया गया है और शहर में नाकेबंदी करते हुए आरोपी की तलाश जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच करने और अपराधी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। हनी के परिवार वाले इस हमले से सदमे में हैं और उन्होंने पुलिस प्रशासन से न्याय की उम्मीद जताई है। हालांकि पुलिस आज शाम तक खुलासा करने का दावा कर रही है पुलिस का दावा है कि दो आरोपी पुलिस की पकड़ में हैं।

प्रहलाद मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल ने कहा आरोपियों को पकड़ने के लिए एसओजी सहित चार टीमें लगाई गई है।

पुलिस के पर कई सवालिया निशान

पुलिस आए दिन ऑपरेशन रोमियो अभियान चलाकर नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाती है लेकिन पुलिस के इस अभियान की पोल खोल नजर आ रही है पुलिस के आला अधिकारी यह कहते हैं नजर आते हैं कि शहर अपराध मुक्त है लेकिन शहर में अपराधियों का बोल वाला पुलिस के सर पर चढ़कर बोल रहा हैगोली कांड की यह भोटिया पड़ाव क्षेत्र में पहली घटना नहीं है इससे पूर्व भी एक घटना और घाटी थी जिसमें पुलिस ने अभी तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया है इस घटना से पुलिस के ऊपर कई सवालिया निशान खड़े होते नजर आ रहे हैं।

247वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल। संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन रविवार को 247वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण कार्यक्रम में केदार सिंह, गौरव कुमार, लक्ष्मण राम, खुशाल राम, मनोज कुमार, राहुल कुमार, प्रियांशु कुमार, कल्याण राम, कमल रावत, गोपाल बिष्ट तथा नरेंद्र सिंह सहित निगम कर्मी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम जयन्ती परगांई से बदलकर ज्योति पाण्डे रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे ज्योति पाण्डे नाम से जाना पहचाना जाए।- **ज्योति पाण्डे पत्नी सुधीर कुमार पाण्डे, गौजाजाली, दक्षिण, पो0- अर्जुनपुर, हल्द्वानी (नैनीताल)**

सैनिक स्कूल नैनीताल मिली को कॉर्बेट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर की फ्रेंचाइजी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल को कॉर्बेट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर की फ्रेंचाइजी मिली है।

बता दें कि देशभर के फुटबॉल क्लबों में नवीं रैंक प्राप्त कॉर्बेट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर ने रविवार को नैनीताल में सैकड़ों फुटबॉल खिलाडियों के समक्ष भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल को अपनी फ्रेंचाइजी प्रदान की। कार्बेट फु टबॉल क्लब रुद्रपुर के डायरेक्टर व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी रहे सुभाष अरोड़ा ने रविवार को नैनीताल के डी एस ए मैदान में सैकड़ो खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि नैनीताल से बहुत से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। नैनीताल एवं उत्तराखंड में खेलों की प्रतिभाएं छुपी हुई हैं । नैनीताल में विभिन्न विद्यालयों भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल सेंट जोसेफ कॉलेज नैनीताल,लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल नैनीताल तथा सनवाल पब्लिक स्कूल नैनीताल सहित कई अन्य स्कूलों के बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सुभाष अरोड़ा जी का करतल ढंग से स्वागत और अभिनंदन किया । भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की एनसीसी इकाई ने उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सुभाष अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा की नैनीताल का मौसम फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए बेहद उत्तम है। कॉर्बेट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर द्वारा नैनीताल के सभी खिलाडियों को निःशुल्क फु टबॉल उनकी कोचिंग और उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट के लिए ट्रायल भी लगाया जाएगा । नैनीताल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को रुद्रपुर कॉर्बेट फुटबॉल क्लब में बुलाकर राष्ट्रीय स्तरीय कैंप में प्रतिभाग करने का अवसर देगा । सुभाष अरोड़ा ने उपस्थित गणमान्य लोगों को फुटबॉल क्लब का प्रतीक चिन्ह खिलाड़ियों को फुटबॉल एवं शर्ट प्रदान की । भारतीय सहित सैनिक विद्यालय नैनीताल की ओर से सुभाष अरोड़ा को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया । दूसरी ओर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के प्रबंधक एडवोकेट ज्योति प्रकाश ने भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल को कार्बट फुटबॉल क्लब रुद्रपुर की फ्रें चाइजी मिलने पर हर्ष व्यक्ति किया। इस मौके पर डीएसए के महासचिव अनिल गढिया, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता, नगर पालिका वरिष्ठ सभासद भगवत सिंह रावत, फ्रेंचाइजी कैंप का आयोजन कर रहे फुटबॉल कोच एवं व्यायाम शिक्षक गोविंद सिंह बोरा,व्यापारी व्यवसाय अर्जुन देव व अर्जुन सिंह, वॉलीबॉल सचिव पंकज सिंह बर्गली तथा शिक्षा विभाग के उद्घोषक नवीन चंद्र पांडे स्थानीय व्यापारी एवं खिलाड़ी अर्जुन सिंह देव ,लॉग व्यू पब्लिक स्कूल के कोच विक्रम सिंह रावत, राजेश वर्मा, तुषार, शेखर शाह तथा सुमित शाह आदि उपस्थित रहे।

फिल्मी दुनिया

आईफा अवॉर्ड्स: करीना-कैटरीना से नोरा और माधुरी दीक्षित तक

गुलाबी शहर जयपुर में आईफा अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। यहां बॉलीवुड की चर्चित अदाकाओं ने ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा है। रविवार 09 मार्च को जयपुर में 25वें आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। यहां हर बार की तरह बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की और खूबसूरत अंदाज से अवॉर्ड समारोह में चार चांद लगा दिए। आईफा के ग्रीन कार्पेट पर बॉलीवुड की अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं। आईफा अवॉर्ड्स में माधुरी दीक्षित अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं। रेड कलर के गाउन में वे बला की खूबसूरत लगीं। माधुरी दीक्षित ने न सिर्फ ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा, बल्कि स्टेज पर परफॉर्म भी किया। अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने भी अपने अनोखे अंदाज से लोगों का दिल जीत लिया। पर्पल और गोल्डन कलर के गाउन में अभिनेत्री आईफा के ग्रीन कार्पेट पर दिलकश पोज देती नजर आईं। करीना कपूर खान ने भी अपने खूबसूरत अंदाज से खूब रौनक बिखेरी। सिल्वर कलर के हाई-थाई कट गाउन में वे ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरती दिखीं। इसके अलावा मंच पर भी उन्होंने अपने दादाजी और दिग्गज एक्टर-डायरेक्टर राज कपूर के गानों पर परफॉर्म कर समा बांध दिया।

अपने खास अंदाज में नजर आई

आईफा के ग्रीन कार्पेट पर अदाकारा निम्रत कौर भी अपने खास अंदाज में नजर आईं। ब्लैक कलर की साड़ी में उन्होंने खूबसूरत पोज दिए। उनके लुक पर फैंस की नजरें ठहर गईं। इसके अलावा कृति सेनन भी ग्रीन कार्पेट पर अपना रंग जमाती नजर आईं। वे व्हाइट कलर के आउटफिट में हंसती-मुस्कुराती पोज देती दिखीं। आईफा अवॉर्ड्स के ग्रीन कार्पेट पर अभिनेत्री करिश्मा तन्ना का बोल्ड अंदाज नजर आया। ब्लैक कलर के गाउन में वे खूबसूरत पोज देती दिखीं। छोटे परदे से सफर शुरू करने वाली करिश्मा ने स्कूप सीरीज से ओटीटी पर खूब लोकप्रियता बटोरी है। फिल्म लापता लेडीज की फूल और जया यानी नितांशी गोयल और प्रतिभा रांटा ने भी ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा।

कार्यशाला: पर्यावरण स्थिरता में योगदान देने की शपथ ली

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के श्री अरबिंदो आश्रम दिल्ली ब्रांच सोसाइटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित बी दी ग्रीन हीरो वैरियर ऑफ वेस्ट मैनेजमैंट और पारले बिस्कुट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित कार्यशाला का सफल समापन रविवार को हुआ।

बता दें कि पांच दिवसीय कार्यशाला 5 मार्च से 9 मार्च तक चली और इसमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के 25 विद्यार्थी शिक्षिका दिव्या ढैला के साथ शामिल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सरस्वती खेतवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नैनीताल ने अपनी उपस्थिति से सभी को प्रेरित किया। उनके साथ भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता तथा नगर पालिका परिषद के वार्ड सदस्य मनोज साह जगाती भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत किए, नुक्कड़ नाटक और कार्यशाला के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण स्थिरता में योगदान देने की शपथ भी ली। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने नैनीताल के विभिन्न स्थानों पर कूड़ेदान स्थापित किए और स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने अयारपट्टा क्षेत्र से लगभग 75 किलोग्राम कचरा एकत्र किया जिससे उन्हें अपशिष्ट प्रबंधनए कचरे के पृथक्करण तथा पुनर्चक्रण और पर्यावरण पर इसके प्रभावों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। उन्होंने नैनीताल की पारिस्थितिकी को संरक्षित रखने के महत्व को समझा और इसे आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और इस पहल को शहर के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

News कॉर्नर

शिक्षिका को उत्कृट कार्य करने पर सम्मानित किया

नैनीताल । डाइट भीमताल द्वारा प्रत्येक ब्लाक से उत्कृट कार्य करने वाली एक शिक्षिका को सम्मानित किया गया। जिसमें रामनगर ब्लॉक से श्रीमती बिंदु साह पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज मालधन चौड़ को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया । प्राचार्य सुरेश राम आर्या द्वारा उनके द्वारा शिक्षा, कला तथा संगीत एवं समाज के क्षेत्र लिए गए कार्यों के लिए ब्लॉक रामनगर से सम्मानित किया गया। प्रवक्ता डॉ आरती जैन द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया तथा महिलाओं के हर क्षेत्र में किए जाने वाली कार्यों की सराहना की। इस मौके पर ब्लाक शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद तथा प्रधानाचार्या सपना सिंह द्वारा भी शुभकामनाएं दी गए तथा हर्ष व्यक्त किया गया।

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद को बर्खास्त की मांग

नैनीताल । उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को बर्खास्त की मांग की है। जिसे लेकर सोमवार को प्रदेश समस्त क्षेत्रों से राज्य आंदोलनकारी मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजेंगे। जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट ने बताया कि बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया और गालीगलौज करने वाले कैबिनेट मंत्री की तीखी आलोचना बैठक में की गई और प्रदेशभर से राज्य आंदोलनकारियों द्वारा कैबिनेट मंत्री के खिलाफ अभियान चलाए जाने की मांग उठाई जाएगी। मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल ने अमर्यादित भाषा से देवभूमि की अस्मिता पर प्रहार किया है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सोमवार राज्य आंदोलनकारी एकत्र होकर कैबिनेट मंत्री की इस्तीफे की मांग को लेकर ज्ञापन मंडल मुख्यालय में जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

नैनीताल में खड़ी होली के दल ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में युगमंच की पहल पर आयोजित 29वें होली महोत्सव में रूप सिंह गैड़ा के नेतृत्व में आए खड़ी होली के दल ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। होली महोत्सव के आयोजन में शारदा संघ, मां नैना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट तथा नैनीताल समाचार व संस्कृति विभाग सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा योगदान दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका नैनीताल की अध्यक्ष डॉ .सरस्वती खेतवाल सहित विशिष्ट अतिथियों आलोक साह, गीता साह, अमिता साह आदि द्वारा होल्यार अमर सिंह गैडा, हयात सिंह बिष्ट,

विमला तिवारी, मोहिनी बिष्ट सहित सभी दल एवं कार्यशाला के बाल कलाकारों को सम्मानित किया गया जबकि आयोजक संस्था युगमंच द्वारा डॉ. सरस्वती खेलवाल एवं वरिष्ठ समाज सेवी अमिता साह को सम्मानित किया गया। नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होली गायन में भगवान शिव, कृष्ण और राम जी को समर्पित होली से सुन्दर शुभारंभ किया गया। शिव को समर्पित होली के बोल चारों दिशाओं से जातुर आए---, भीड़ पडी शिव मंदिर में----,शिव दर्शन दें--- कृष्ण को समर्पित होली के बोल तुम दूर दिशा मत जाओ----, खेलो कन्हैया आगन में---, रस से भरी होली के बोल छलक छलक छलकाय गोरी नैना तुम्हारे रसा भरे---, मैं डडिया बन जाऊँ---, गोरी नैना तुम्हारे रसा भरे ने सभी का मन मोह लिया। भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा खड़ी होली से सभी को उत्साहित किया। इसके पश्चात रामसेवक सभा मल्लीताल में विद्यार्थियों सहित 14 महिला दलों द्वारा होली प्रस्तुत की गई, जिसमें वृंदावन पब्लिक स्कूल सहित सी आर एस टी की प्राथमिक शाखा, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर तथा सी आर एस टी तथा सैनिक स्कूल एवं युगमंच कार्यशाला के बाल होल्यार द्वारा गाने एवं स्वांग प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों के रूप में मनोज साह, गिरीश जोशी, डॉ विजय कृष्ण, मिथिलेश पांडे, जगदीश बवाडी, अशोक साह, विमल साह तथा वेद साह आदि सहित महोत्सव को सफल बनाने में युगमंच के राजेंद्र लाल साह, जहूर आलम, भास्कर बिष्ट, नवीन बेगाना, मनोज कुमार, अनिल कुमार, रफ त आलम, अमिता साह, अदिति खुराना, जय जोशी, दिनेश उपाध्याय, दीपक सहदेव, डॉ. हिमांशु पांडे, स्वतंत्र साह, कनिका रावत राणा, संजू सहित नैना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, प्रदीप साह, शैलेश मेलकानी, बसंत जोशी तथा बसंत पांडे आदि द्वारा योगदान दिया गया।

होली मिलन कार्यक्रम में गीतों पर झूमे पत्रकार, नेता और अधिकारी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मधुवन बैंकेट हॉल में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश चंद्र शास्त्री और प्रदेश महामंत्री विश्वजीत नेगी ने शिरकत की। इस दौरान मुम्बई से आये टी सीरीज सिंगर हर्रेंद्र चौधरी और कुमाऊँनी गायिका बेबी प्रियंका ने अपने गानों से कार्यक्रम में समां बांधा होली मिलन समारोह का संचालन सोहानी शर्मा ने किया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी, वही पत्रकारों के साथ नेता और अधिकारी भी होली के गीतों में झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, कांग्रेस नेता ललित जोशी, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, तहसीलदार सचिन कुमार, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश

अध्यक्ष शशांक रावत, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बलूटिया, भाजपा जिला महामंत्री रंजन बर्गली, पूर्व राज्य मंत्री प्रकाश हरबोला, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक घरबोला, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, भाजपा नेता महेश शर्मा और अधीक्षण अभियंता नवीन मिश्रा ने शिरकत की। इस दौरान श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष सर्वेंद्र बिष्ट और महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए रंगो के पर्व होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द से मनाने की अपील की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, जिला महामंत्री भूपेंद्र रावत, नगर महामंत्री नवीन सक्सेना, वरिष्ठ पत्रकार गणेश जोशी, दीपक अधिकारी, हर्ष रावत, राहुल सिंह दरमवाल, दीप बिष्ट बाबा, डॉ ए एन तिवारी, शोएब खान, अंशुल डांगी, दीप नेगी, मनोज आर्य, नागेश दुबे, वंदना आर्य, रक्षित टंडन, श्रुति तिवारी सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

चतुर्थ नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन

हल्दूचौड़

हमारे संवाददाता

गंगापुर कबड़वाल के प्राथमिक विद्यालय में चतुर्थ नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन माधवी फाउंडेशन द्वारा प्रभु नेत्रालय के सहयोग से एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशी तथा कार्यक्रम संयोजक मोहित बमेठा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के व्यापक सहभागिता ने न केवल निशुल्क नेत्र जांच, दवाई वितरण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधाएँ प्रदान कीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरूकता एवं सहयोग की भावना को भी प्रबल किया। शिविर में लगभग 60 से अधिक नागरिकों ने निशुल्क नेत्र जांच करवाई। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की गई विस्तृत जांच में रोगियों की नेत्र संबंधी समस्याओं का समय रहते निदान किया गया तथा आवश्यक दवाइयाँ निशुल्क वितरित की गईं। विशेष रूप से, 10 मरीजों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशी मोहित बमेठा ने आगे कहा, स्वास्थ्य सेवा समाज का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

इस दौरान डॉ शना नाज ,स्वीटी सरकार,कॉर्डिनेटर गौरव दत्ता,क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशी मोहित बमेठा, प्रमोद बमेठा, पूर्व ग्राम प्रधान उमेश चंद्र कबड़वाल, नीरज कबड़वाल, योगेश दुमका, पूरन बमेठा, दया किशन बमेठा, पूरन तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवन प्रसाद, गिरीश सिंह बिष्ट तथा गणेश सिंह बिष्ट समेत सैकड़ो लाभार्थी मौजूद रहे।

चार दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलिकोट नैनीताल द्वारा आयोजित चार दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में असाधारण सफलता प्राप्त की है।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक छात्राओं ने पर्वतीय एवं शहरी इलाकों के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाई। छात्राओं की अलग-अलग टीमों ने पर्वतीय क्षेत्र जैसे भवाली, नैनीताल, भीमताल, खैरना तथा रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, अल्मोड़ा, सोमेश्वर, गरूड़ तथा बागेश्वर, चंपावत व लोहाघाट, पिथौरागढ़,भटकोट तथा डीडीहाट इत्यादि क्षेत्रों में तथा शहरी क्षेत्रों में हल्द्वानी, कालाढूंगी, मुखानी, काठगोदाम, काशीपुर, बाजपुर, रामनगर, पीरुमदारा, जसपुर, काशीपुर, बैलपड़ाव, रुद्रपुर, गदरपुर, लालकुआं, किच्छा, सितारगंज तथा नानकमत्ता इत्यादि कई क्षेत्रों में पहुंचकर इस आदित्य अभियान में छात्राओं ने शैक्षिक ज्ञान तथा समाज सेवा और नैतिक जिम्मेदारी का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन चार दिनों में छात्राओं ने दोनों क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिकए स्वास्थ्य और शिक्षा सम्बन्धी महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया जिससे उन्हें ना केवल एक अद्वितीय अनुभव प्राप्त हुआ बल्कि उन्होंने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश की। छात्राओं द्वारा की गई इस पहल ने ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, छात्राओं द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य तथा तनाव प्रबंधन और जीवनशैली से संबंधित जागरूकता फैलाने का कार्य किया। छात्राओं द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास ने ना केवल समाज में सकारात्मक प्रभाव डाला बल्कि उन्होंने नर्सिंग की महत्ता और समाज में इसकी भूमिका को और अधिक स्पष्ट किया। चार दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता अभियान को एक सफल अभियान बनाने के लिए नैंसी एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह और प्रबंध निदेशक इंजीनियर आई.पी. सिंह एवं प्राचार्या श्रीमती अल्फ ोंसा सोनी ने छात्राओं को एवं सम्मिलित शिक्षिकाओं को बधाई दी और उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।

खेड़ा में बेटे ने बाप पर किया कातिलाना हमला, गंभीर

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बेटे ने बाप की गर्दन पर ब्लड से कातिलाना हमला कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और थाने ले गई। उधर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी बाप से नशे के लिए पैसे की मांग कर रहा। मना करने पर हमला बोल दिया। सुजाता राय पत्नी अशोक कुमार राय निवासी वार्ड 11 संजय नगर खेड़ा ने पुलिस को बताया कि रविवार की शाम 6 बजे पति अशोक कुमार और पुत्र के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया था।

1 किलो 332 ग्राम अवैध चरस समेत गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर जनपद में अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी व रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत व एसपी क्राइम और एसपी काशीपुर अभय सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष केलाखेड़ा के नेतृत्व में पुलिस ने चौकी बेरिया दौलत क्षेत्र में चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाईक सवार को हिरासत में लिया। पुलिस को उसके पास से तलाशी

लेने पर चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेश सिंह पुत्र स्व. चेतराम सिंह निवासी ग्राम कुल्हा, तिलपुरी नंबर 1 थाना दिनेशपुर बताया। पुलिस के मुताबिक बरामद 1 किलो 332 ग्राम अवैध चरस लाखों की बताई जा रही है। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाईक सीज कर दी। मोबाइल को भी सील कर दिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम थानाध्यक्ष अशोक कुमार केलाखेड़ा, चौकी प्रभारी बेरिया दौलत नरेश सिंह मेहरा,एएसआई मुकेश चन्द्र,जगदीश सिंह नगरकोटी,हरी सिंह आदि मौजूद रहे।

शिल्पकार सभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित शिल्पकार सभा के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सभा भवन सभागार में आयोजित किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्य जबकि विशिष्ट पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण रहे। इस विशेष मौके पर शिल्पकार सभा के नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रा, महामंत्री राजेश लाल गांधी, मंत्री अनिल गोरखा व कोषाध्यक्ष कैलाश आगरकोटी ने को दोनों अतिथियों की ओर से पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सभा की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष श्याम नारायण,गिरीश चंद्र आर्य, पी आर आर्य, जोगा राम तथा सभा के पूर्व अध्यक्ष यशोदा प्रसाद, जोगा राम को सलाहकार समिति,शिल्पकार सभा के पूर्व अध्यक्ष के एल आर्य को संरक्षक, पूर्व उपाध्यक्ष को वरिष्ट उपाध्यक्ष,श्रीमती उषा कन्नौजिया को महिला उपाध्यक्ष तथा संजय कुमार को लेखा परीक्षक जबकि एडवोकेट मनोज कुमार को विधि सलाहकार वहीं सुरेश चंद्र को मीडिया प्रभारी,राकेश कुमार शंभू को कार्यालय सचिव मनोनित किया। सभा की कार्यकारणी सदस्यों में दीवान चंद, राजेंद्र सिंह कुटियाल, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप त्यागी, देवेंद्र प्रकाश, अनिल कुमार, राजेश चंद्र, महेश चंद्र, जितेंद्र टम्टा, सचिन कुमार, रोहित कुमार तथा इंद्र कुमार, सुनील कुमार तथा अजय कुमार आदि लोगों को कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया । शपथ ग्रहण समारोह में नगर पालिका के वर्तमान सभासद कु काजल आर्य, रमेश प्रसाद तथा सुरेंद्र कुमार के अलावा पूर्व सभासद दीपक कुमार भोलू, श्रीमती निर्मला चंद्रा, सुदेश कुमार, सरिता आर्या, पंचदेवा नंद, जितेन, ममता, गोविंद प्रसाद, अनीता चंद्र, यतेंद्र कुमार, सुनील कुमार, राजेश, माया दत्ता, एड शशांक कुमार, सुशील दत्ता, सुरेश पंच देव, आनंद कुमार के साथ सभा के करीब 120 से अधिक सदस्य शामिल रहे।